>

Title: Need to set up Museum for Buddhist ancient relics in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना जिले में भरहुत में बौद्ध कालीन के प्राचीन अवशेषों का बहुत बड़ा भंडार है । उनमें से अनेक मूर्तियां कोलकाता, प्रयागराज, वाराणसी तथा अन्य स्थानों में रखी गई हैं । इस जिले में चित्रकूट में भागवान राम का एक लम्बा समय वनवास में कटा था । उनके पदचिह्नों की विरासत वहां मौजूद है तथा मैहर में उस्ताद अल्लाउद्दीन खां विश्व विख्यात संगीतकार की नलतरंग जैसी यादों को भावी पीढ़ियों के लिए रखने हेतु एक संग्रहालय की लम्बे समय से मांग की जाती रही है । सतना जिला भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय ने भारत दर्शन, बौद्ध दर्शन तथा रामायणा टूरिस्ट सर्किट में जुड़ा हुआ है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि सतना जिला मुख्यालय में एक संग्रहालय की स्वीकृति देने की कृपा करें ।